**अभ्यास प्रश्न पत्र -2023**

**कक्षा -12**

**SET-C**

**विषय- लेखाशास्त्र**

**समय :3:00 घंटे** **पूर्णांक:80**

**निर्देश:-**

(I) **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।**

(II) **प्रश्न क्र. 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक के प्रश्न हैं।**

(III) **प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आंवटित हैं।**

(IV) **प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आंवटित हैं।**

(V) **प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आंवटित हैं।**

(VI) **प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।**

(VII) **संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।**

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **1X6=6**

(I) समता अंशधारी होते हैं –

(अ) कंपनी के ग्राहक (ब) कंपनी के स्वामी

(स) कंपनी के लेनदार (द) इनमें से कोई नहीं

(II) निम्नलिखित में सार्वजनिक कंपनी द्वारा अंशों के विक्रय हेतु जारी किए जाने वाला प्रलेख है –

(अ) पार्षद सीमा नियम (ब) पार्षद अंतर नियम

(स) सारणी 'F' (द) प्रविवरण

(III) आर्थिक चिट्ठा व्यवसाय की ........................दर्शाता है –

(अ) लाभ - हानि (ब) वित्तीय स्थिति

(स) लाभ - हानि तथा वित्तीय स्थिति (द) आय

(IV) आदर्श तरल अनुपात होना चाहिए-

(अ) 1:1 (ब) 2:1

(स) 3:2 (द) 1:2

(V) निम्नलिखित में से कौन-सी एक तरल संपत्ति है-

(अ) रहतिया (ब) देनदार

(स) ख्याति (द) फर्नीचर

(VI) संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का एक उदाहरण है -

(अ) ऋणपत्रों का निर्गमन (ब) स्थाई संपत्तियों का विक्रय

(स) स्थाई जमा पर बैंक द्वारा दिया गया ब्याज (द) अंशों का निर्गमन

https://www.mpboardonline.com

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –** **1X7=7**

(I) परिवर्तनशील पूँजी पद्धति में पूंजी का अंतिम शेष प्रतिवर्ष .............. रहता है।

(II) अवकाश ग्रहण के समय पूर्नमूल्यांकन से होने वाली हानि सभी साझेदारों के पूँजी खाते के .......... पक्ष में लिखी जाती है।

(III) साझेदार के प्रवेश पर यदि ख्याति पहले से पुस्तकों में विद्यमान है तो ख्याति ....... ... अनुपात में विभाजित होगी।

(IV) फर्म के विघटन पर सर्वप्रथम ........... दायित्वों को भुगतान किया जाता है।

(V) फर्म के विघटन पर हिसाब की पुस्तकों को .......... कर दिया जाता है।

(VI) ₹20 वाला कोई अंश ₹25 पर जारी किया जाए तो इसे अंश का ..................पर निर्गमन कहते हैं।

(VII) ऋणपत्रधारियों को ऋण वापसी ....................से पहले की जाती है।

**3. सही जोड़ियाँ बनाकर उत्तर लिखिए -** **1X6=6**

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (I) त्याग अनुपात बराबर होता है | (अ) निवर्तन |
| (II) त्यागी साझेदार | (ब) लाभ प्राप्ति अनुपात के |
| (III) प्रत्येक साझेदार फर्म का | (स) लाभों में हिस्सा |
| (IV) साझेदारी ठहराव में परिवर्तन | (द) क्षतिपूर्ति |
| (V) नए साझेदार द्वारा ख्याति का भुगतान | (इ) कर्मचारी होता है |
| (VI) फर्म से अवकाश लेना | (फ) फर्म का पुनर्गठन |
| | (ग) एजेन्ट होता है |
| | (ह) संपत्ति पर अधिकार |

**4. सत्य / असत्य में उत्तर लिखिए -** **1X6=6**

(I) साझेदारी संलेख के अभाव में भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधान लागू होते हैं।

(II) लाभार्जन में परिवर्तन का ख्याति के मूल्य पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

(III) ऋणपत्र अल्पकालीन प्रकृति के होते हैं।

(IV) कूपन दर ऋणपत्रों पर ब्याज दर निर्धारित रहती है ।

https://www.mpboardonline.com

(V) पेटेण्ट तथा व्यापार चिन्ह चालू संपत्तियां होती हैं ।

(VI) गुणात्मक की अवहेलना वित्तीय विवरणों की एक कमी है ।

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **1X7=7**

(I) Aसाझेदार ने Bसाझेदार को गारण्टी दी है कि उसे फर्म से न्यूनतम ₹ 25,000 का लाभ प्राप्त होगा, इसे क्या कहते हैं?

(II) फर्म द्वारा साझेदारों की पूँजी पर ब्याज कब दिया जा सकता है?

(III) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों के मध्य लाभ/हानि का विभाजन किस अनुपात में किया जाता है?

(IV) अंश धारी को जो प्रमाण पत्र दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

(V) रहतिया को चिट्ठे में किस शीर्षक के अंतर्गत दिखाया जाता है?

(VI) वित्तीय विवरण से परिवर्तनों को किस रूप में दिखाया जाता है?

(VII) आयकर की वापसी रोकड़ प्रवाह विवरण में किस क्रिया के अंतर्गत आती है?

6. साझेदारी संलेख से क्या आशय है? **2**

**अथवा**

विभाजन योग्य लाभ का आशय बताइए।

7. एक साझेदार के निवृत्त होने के दो कारण लिखिए। **2**

**अथवा**

X,Yऔर Z एक फर्म में 1 / 2 : 1/ 3 : 1 / 6 के अनुपात में साझेदार हैं। Z व्यापार से अवकाश ग्रहण करता है और X तथा Y उसका लाभांश 3 : 2 में क्रय करते हैं। नया अनुपात ज्ञात कीजिए।

8. निम्न में से प्रत्येक दशा में फर्म का विघटन किस रीति से होगा- **2**

(i) सभी साझेदारों के दिवालिया होने पर,

(ii) वह कार्य जिसके लिए साझेदारी की गयी थी पूर्ण हो जाने पर।

**अथवा**

फर्म के विघटन पर चिट्ठे से वसूली खाते में किन खातों को अंतरित नहीं किया जाता है?

9. एक कंपनी ने ₹10 वाले 25,000 जनता में निर्गमित किए। सभी राशियां एकमुश्त प्राप्त हो गई। आवश्यक पंजी प्रविष्टि कीजिए। **2**

**अथवा**

न्यूनतम अभिदान से क्या आशय है?

10. कंपनी को परिभाषित कीजिए। **2**

**अथवा**

"कंपनी विधान द्वारा निर्मित एक व्यक्ति है।" समझाइए।

11. संचयी और असंचयी पूर्वाधिकार अंशों से क्या तात्पर्य है? **2**

https://www.mpboardonline.com

अथवा

परिवर्तनीय एवं अपरिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंशों से क्या आशय है?

12. सार्वजनिक कंपनी से क्या आशय है? 2

अथवा

निजी कंपनी से क्या आशय है?

13. 'एक समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्र' का अर्थ बताइए। 2

अथवा

ऋणपत्रधारी की वैधानिक स्थिति समझाइए।

14. लेखांकन अनुपातों की दो सीमाएं बताइए। 2

अथवा

एक कंपनी का चालू अनुपात 3:5 है, कार्यशील पूँजी ₹90000 है। चालू संपत्ति और चालू दायित्व की गणना कीजिए।

15. विनियोग क्रियाओं से क्या आशय है? 2

अथवा

परिचालन क्रियाओं से क्या आशय है?

16. त्याग अनुपात और लाभ अनुपात में तीन अन्तर लिखिए। 3

अथवा

ख्याति को प्रभावित करने वाले तीन तत्व लिखिए।

17. नए साझेदार के प्रमुख तीन अधिकारों को समझाइए। 3

अथवा

अभिषेक और अभिनव एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। उन्होंने अरविंद को 1/3 भाग के लिए साझेदार बनाया, जो पूंजी के ₹40000 देता है किन्तु अपने हिस्से की ₹12000 ख्याति लाने में असमर्थ है। अरविंद के प्रवेश पर आवश्यक नकल प्रविष्टियां कीजिए। https://www.mpboardonline.com

18. ऋणपत्रों की कोई तीन विशेषताएं लिखिए। 3

अथवा

X लिमिटेड ने Y लिमिटेड से ₹500000 की संपत्ति तथा ₹120000 के दायित्व, ₹320000 में लेने की सहमति दी। जिसका भुगतान ₹100 मूल्य वाले 15% ऋणपत्रों को जारी करके किया गया। X लिमिटेड की पुस्तकों में नकल प्रविष्टयाँ कीजिए।

19. वित्तीय विवरण की कोई तीन सीमाएँ लिखिए। 3

अथवा

लेनदारों एवं उपयोगकर्ताओं के लिए वित्तीय विश्लेषण का क्या महत्व है? किन्ही तीन बिन्दुओं को समझाइए।

https://www.mpboardonline.com

20. साझेदारी संलेख में उल्लखित किन्ही चार बिन्दुओं को समझाइए। 4

**अथवा**

अजित, अमित और अदिल एक फर्म में 5:3:2 में लाभ विभाजित करने वाले साझेदार हैं। अजित और अदिल को व्यक्तिगत रूप से गारण्टी दी है कि उसका लाभ पूंजी पर 10% वर्षिक ब्याज लगाने के पश्चात ₹22,500 से कम नहीं होगा। साझेदारों की पूंजी क्रमशः ₹1,20,000,₹75,000 एवं ₹60,000 थी। वर्ष 2018 में लाभ पूंजी पर ब्याज काटने के पूर्व ₹1,19,250 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

21. रवि, सोम और मंगल 2:3:5 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हैं। उनका चिट्ठा 31 दिसम्बर 2018 को निम्नांकित है - 4

चिट्ठा

| दायित्व | | रकम ₹ | सम्पत्तियां | रकम ₹ |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य संचय | | 18,000 | भवन | 40,000 |
| लेनदार | | 12,000 | फर्नीचर | 20,000 |
| पूंजी | | | देनदार | 15,000 |
| रवि 20,000 | | | रोकड़ | 9,000 |
| सोम 18,000 | | | | |
| मंगल 16,000 | | 54,000 | | |
| | | **84,000** | | **84,000** |

1 जनवरी, 2019 को मंगल अवकाश ग्रहण करता है। निम्नांकित को ध्यान में रखकर लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइए- (1) भवन व फर्नीचर में 5% वृद्धि, (2) देनदारों पर पर 10% अशोध्य ऋण संचय, (3) लेनदारों पर 5% कटौती, (4) वैधानिक व्यय हेतु प्रावधान ₹200

**अथवा**

निवृत साझेदार को देय राशि के भुगतान की विधियों को समझाइये।

22. अ ब स लिमिटेड ने ₹100 वाले 5,000 अंश ₹10 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमित किए जो इस प्रकार देय हैं - आवेदन पर ₹20, आवंटन पर ₹50 (प्रीमियम सहित) एवं याचना ₹40 प्रति अंश । सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गयीं। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियां कीजिए। 4

**अथवा**

अंशधारी और ऋणपत्रधारी में चार अंतर बताइए।

23. रोकड़ प्रवाह विवरण के महत्व को चार बिन्दुओं से स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

संचालन संबंधी क्रियाओं से रोकड़ अंतर्बहाव एवं बहिर्वाह के चार-चार उदाहरण दीजिए।

---##---

https://www.mpboardonline.com